स्वतंत्र भारत
कानपुर, शनिवार 05 अगस्त 2023 | 3

कानपुर महानगर

शिक्षा संबंधी नम्बर

सीएसजेएम वि.वि.	2570663, 301
सी.एस.ए.	2534156, 63
जिला विद्यालय निरीक्षक	2291889
आई.आई.टी.	2597258
एच.बी.टी.आई.	2542849

डीएम ने मतदेय स्थलों के संभाजन की बाबत की बैठक

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में राजनैतिक दलों को वर्तमान मतदेय स्थल की सूची एवं संशोधन प्रस्ताव की प्रति उपलब्ध कराते हुए उनके सुझाव आदि उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई।

बैठक में समस्त सम्बन्धित ई आरओ ध्अपर नगर मजिस्ट्रेट तथा उप जिलाधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा जो मतदान केंद्रों के बदले जा रहे हैंए उनका स्वंय निरीक्षक करने एवं जिन मतदान केन्द्र के नाम में संशोधन हैए उनकी जांच नायब तहसीलदार स्तर से अनिम्न अधिकारी से पुनः कराने के निर्देश दिए।समस्त ईआरओध्अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि

निरीक्षण के दौरान नए मतदान केंद्र में यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नए परिवर्तित किए गए मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है।

साथ ही समस्त उपजिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट अपने अपने बीएलओ के द्वारा किए जा रहे घर.घर सत्यापन के कार्यों की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह करना सुनिश्चित करें। साथ ही समीक्षा के दौरान यह भी अवश्य सुनिश्चित कराए कि प्रत्येक बीएलओ द्वारा घर.घर सर्वे के दौरान`1 अक्टूबर 2̀23 एवं `1जनवरी 2̀24 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले युवा वोटरों को चिन्हित करने एवं छूटें हुए युवा एवं महिला को वोटर लिस्ट में सम्मिलित किये जाने में विशेष जोर दिया जाए।जिन बीएलओ द्वारा अपने कार्य मे रुचि नहीं ली जा रही है ऐसे बीएलओ को नोटिस देते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ द्वारा किए जाने वाले कार्यो का निरीक्षण समस्त सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा करना सुनिश्चित किया जाए।

ह्रदय रोग संस्थान में आग से मरीजों में मचा हड़कंप

शार्ट सर्किट से लगी आग पर एसी से निकल रहा धुआं भरा वार्ड में मरीजों को बाहर निकाला, खोली खिड़कियां

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर। ह्रदय रोग संस्थान में शुक्रवार शाम को अचानक शार्ट सर्किट से एक वार्ड के पास आग लगने से हड़कंप मच गया। वार्ड में धुआं फैलने से मरीज और उनके परिजनों में अफ्रा तफ्री मची। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। फायर कर्मियों ने वार्ड में जाकर खिड़कियों को खोला। जिसके बाद धुआं निकल गया। किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

ह्रदय रोग संस्थान में शुक्रवार शाम को आग लगने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। ह्रदय रोग संस्थान में एक एसी से धुआं निकलता देख लोगों ने आग लगने की सूचना फायर विभाग को दी। जैसे ही आग लगने की सूचना ह्रदय रोग संस्थान में फैली मरीज के परिजन इधर.उधर भागने लगे। अस्पताल के एक वार्ड में एक एसी से धुआं निकल रहा थाए जो वार्ड में भरने लगा। सूचना के बाद कर्नलगंज फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची।फायर कर्मचारियों ने जाकर जैसे ही अस्पताल के वार्ड के अंदर देखा कि एसी से धुआं निकल रहा है और वार्ड में भरता जा रहा है। फायर कर्मचारी ने तुरंत ही वार्ड की सारी खिड़कियों को खोल दिया। इसके बाद कुछ ही देर में वार्ड से सारा धुआं निकल गया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्काल प्रभाव से बचाव कार्य शुरू किया। कुछ मरीज भी वहां पर थेए जिन्हें निकाल लिया गया। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

15 अगस्त से पहले हो महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों की साफ सफाई

स्वतंत्र भारत संवाददाता कानपुर।अपर जिलाधिकारी ;नगरद्ध राजेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 15 अगस्तए 2̀23 की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को समस्त सरकारीध्गैर सरकारी कार्यालयए शैक्षणिक संस्थानए वाणिज्यकध्औद्योगिक प्रतिष्ठानो को तिरंगे की रोशनी से जगमग किया जाएगा।

अपर नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि 1 दिन पूर्व जनपद में स्थापित महापुरूषो की प्रतिमा वाले स्थलों की साफसफाई कराते हुए प्रकाश व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा।तथा शासनादेश के अनुसार 15 अगस्त को ससमय सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों एवम शैक्षिक शिक्षण संस्थानों में स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये।बैठक में प्रभागीय निदेशकए सामाजिक वानिकी श्रीमती दिव्याए अपर जिलाधिकारी न्यायिकए श्री सूरज कुमार यादवए अपर अगर आयुक्तए नगर निगम जगदीश यादवए समस्त उपजिलाधिकारी सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन रोहित मल्होत्रा समेत अन्य सभी विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सुप्रीमकोर्ट से राहुल गांधी की सजा पर रोक से खुश कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

राष्ट्रीय सचिव अजय कपूर बोले लोकसभा सदस्यता तत्काल बहाल हो
तिलकहाल के बाहर मिष्ठान वितरण संग हुई आतिशबाजी

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर। सुप्रीमकोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाए जाने से आज देश भर में कांग्रेसी बहुत दिनों बाद बहुत ही खुश दिखे और मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक अजय कपूर ने कार्यकर्ताओं के साथ गोविंदनगर में मिष्ठान वितरण कर मांग किया अब श्री गांधी की सदस्यता जल्द बहाल की जाए।

शुक्रवार दोपहर बाद सुप्रीम अदालत से राहुल गांधी के खलाफ गुजरात की अदालत द्वारा दी गई सजा पर रोक लगाई गई। इस खबर के बाद शहर में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अजय कपूर अपने कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर मिष्ठान वितरण करने लगे। श्री कपूर ने कहा कि महंगाई बेरोजगारी महिलाओं के उत्पीड़न हरियाणा के

मेवात की समस्या पर सरकार चुप है।

अब राहुल ही मजलूमों की आवाज़ उठाएंगे। श्री कपूर के साथ महेश दीक्षित अनिल यादव आदर्श दीक्षित सुनील कनौजिया दीपक त्रिवेदी उमंग शुक्ला नीरज चड्ढा बबलू अवस्थी अशोक मिश्रा भूटानी सुरेंद्र बिहारी आदि मौजूद रहे।

तिलकहाल के बाहर कांग्रेसियों ने खुशी जताकर राहगीरो को मिष्ठान वितरण और आतिशबाजी की।

इस अवसर पर उत्तर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी शंकर दत्त मिश्र राजेश सिंह मदन मोहन शुक्ला दिलीप शुक्ल डो आरके जगत पदम मोहन मिश्रा लल्लन अवस्थी वीके सिंहए राधेश्याम कश्यप जावेद जमील महेन्द्र सिंह भदौरिया राजेश गौतमए चन्द्रमणि मिश्र आदि थे।

सुप्रीमकोर्ट के फैसले से खुश स्थानीय अधिवक्ताओं ने कचहरी में मिष्ठान वितरण किया और खुशी जताई। बार एशोसिएशन अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी सियाराम पाल उमा शंकर त्यागी देव नारायण पाल उमाकांत पाल तेज बहादुर पाल आदि प्रमुख रहे।

फूड डिलीवरी ब्वॉय आपस में भिड़े, चार गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाददाता कानपुर। किदवई नगर के वाई ब्लाक स्थित एक रेस्टोरेंट में पहले ऑर्डर लेने को लेकर फूड डिलीवरी ब्वॉय आपस में भिड़ गए। इसके बाद लात.घूंसे चले। मामला बढ़ता देख दूसरे डिलीवरी ब्वॉय ने सिर पर हेलमेट से मारा फिर लाठी.डंडों से लेकर बीच सड़क पर पिटाई की। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। जबकि पुलिस को देखते ही मौके से भाग गए।एसीपी नौबस्ता अभिषेक पांडेय ने बताया कि किदवई नगर वाई.ब्लॉक में एक रेस्टोरेंट में फूड डिलीवरी के लिए रोजाना डिलीवरी ब्वॉय पहुंचते हैं। शुक्रवार को भी डिलीवरी ब्वॉय की भीड़ थी। इस दौरान पहले डिलीवरी लेने के चक्कर में गौरव और विकास कुमार की बहस हो गई। देखते ही देखते दोनों के बीच बीच सड़क मारपीट होने लगी। दोनों के पक्ष ने एक.दूसरे के ऊपर लात.घूंसेए लाठी.डंडा और हेलमेट से दौड़ाकर मारा। मामले की जांच की जा रही है। घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल में भेजा गया है।

ASIAN FERTILIZERS LIMITED
CIN: L99999UP1986PLC007621
Regd. office: Flat No. 202, Preet Garden, 3A/172, Azad Nagar, Kanpur, 208002
Corporate office: P.W.D. officer's colony, Near Sahara Press, Park road, Gorakhpur-273001
E-mail. afl@asianfertilizers.com, investor@asianfertilizers.com
Phone: (0551) 2203421, 2202436, Website: www.asianfertilizers.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 (Listing Regulation), Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Asian Fertilizers Limited is scheduled to be held on 12th August, 2023, interalia, to consider and approve the unaudited financial results of the Company for the quarter ended 30th June, 2023.

The said notice may also be accessed on the Bombay Stock Exchange website at www.bseindia.com and company's website at www.asianfertilizers.com

FOR ASIAN FERTILIZERS LIMITED
SD/- Ashok Kumar Matanhelia
Managing Director
Din: 01763776
Place: Gorakhpur
Date: 05/08/2023

मण्डलायुक्त ने आधुनिक कन्वेन्शन सेंटर के निरीक्षण में दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर। मण्डलायुक्त अमित गुप्ता ने आज कानपुर स्मार्ट सिटी के सबसे बड़े प्रोजेक्ट श्आधुनिक कन्वेन्शन सेंटरए चुन्नीगंजश् का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्तध्मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवशरणप्पा जीएने सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

कानपुर स्मार्ट सिटी लिए कलाए संस्कृतिए व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में ख्याति दिलाने और आम जनमानसए बच्चोंए कलाकारोंए व्यापारियों एवं उद्योग बन्धुओं तक इसका सीधे लाभ पहुंचाने के लिए चुन्नीगंज क्षेत्र में श्आधुनिक कन्वेंशन सेंटरश् को तैयार करा रहा है। यह कानपुर की प्रतिष्ठित परियोजना हैए जो कानपुर शहर और क्षेत्र में कलाए संस्कृतिए व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए श्सेंट्रल एक्टिविटी हबश् होगा।निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि अनुबन्ध के अनुसार इस परियोजना को माह दिसम्बरए 2̀23 तक पूर्ण किया जाना है। वर्तमान समय में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेन्टर का कार्य बन्द चल रहा है। पुरातत्व विभाग द्वारा एनओसी प्राप्त हो जाने पर कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जायेगा।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये की कार्य की गुणवत्ता व प्रयोग किये जा रहे मैटेरियल की जांच सम्बन्धित एजेंसी से कराने व कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कराकर समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दियेए जिससे की शहर वासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। इसके साथ

उन्होंने प्रोजेक्ट की विस्तृत डिटेल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

तद्पश्चात मण्डलायुक्त ने नगर निगम बालिका इण्टर कालेज चुन्नीगंज का निरीक्षण किया। वर्तमान समय में स्कूल में रेनूवेशन का कार्य चल रहा था। मंडलायुक्त ने मुख्य रूप से ऑडिटोरियमए लाइब्रेरी आदि में हो रहे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने व कमरों में पर्याप्त वेन्टीलेशन तथा प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय परिसर में बने स्विमिंग पूल में साफसफाई समुचित न होने तथा पूर्व में निर्मित फव्वारे में अनुपयोगी सामान रखे होने पर जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि परिसर में पड़े सामान को नियमानुसार नीलामी कराते हुए सम्पूर्ण परिसर में साफसफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

परिसर में लगे झूले आदि बहुत पुराने तथा जर्जर अवस्था में होने पर अवगत कराया गया कि लगभग 2 वर्ष पुराने होने के कारण मरम्मत योग्य हैए जिसके संबंध में निर्देशित किया गया कि जो झूले मरम्मत योग्य हैं उनकी मरम्मत कराकर कुछ अन्य झूले स्मार्ट सिटी से स्थापित कराए जाएए जिससे विद्यालय बच्चों के आकर्षण का केंद्र बन सके और बच्चे उसका लाभ उठा सकें।इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने भैरव घाट में बने स्मार्ट कूड़ा घर का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के समय कूड़ा उठान का नया सिस्टम सुचारूप से कार्य कर रहा था तथा स्मार्ट कूड़ा घर में कूडे का व्यवस्थित ढंग से निस्तारण किया जा रहा था। नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि कूड़े घर के आस.पास पेड़ पौधे लगाकर और व्यवस्थित ढंग से विकसित कर लिया जाए ताकि कूड़े की बदबू का प्रभाव न रहे।वीआईपी रोड में आते समय मंडलायुक्त को नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि विभिन्न संस्थाओं द्वारा रोड के दोनो तरफ छोटे.छोटे गार्डेन विकसित किये गये हैए जिसके लिये निर्देशित किया गया की उन्हीं संस्थाओं से समन्वय बनाते हुए इनको और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए।

कानपुर विकास प्राधिकरण **आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-बी-41, एल0आई0जी0 द्वितीय, योजना- बर्रा यू0पी0यू0डी0पी0, (क्षेत्रफल 57.75 व0मी0), का आवंटन श्री अतर सिंह पुत्र श्री शिवबदन सिंह के पक्ष में दिनांक 23.12.1991 को किया गया था, जिसकी फ्री होल्ड रजिस्ट्री दिनांक 20.01.2007 को निष्पादित कर दिनांक 20.01.2007 को पंजीकृत की गयी थी। श्री अतर सिंह परिहार की मृत्यु दिनांक 09.07.2021 को हो जाने के फलस्वरुप मृतक के पुत्र श्री शिवभान सिंह परिहार द्वारा फोटोयुक्त शपथ पत्र, प्रार्थना पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर पारिवारिक नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। कार्यालय उप-जिलाधिकारी (सदर), कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 3360/अह0फौज0/2023 दिनांक 05.06.2023 के अनुसार मृतक के निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य अंकित हैः-1. श्रीमती कुसुम देवी मृतक की पत्नी उम्र- 66 वर्ष 2. श्री शिवमान सिंह परिहार मृतक का पुत्र उम्र- 42 वर्ष 3. श्री जगभान सिंह मृतक का पुत्र उम्र-37 वर्ष 4. श्रीमती सतरुपा सिंह मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र-38 वर्ष उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य पारिवारिक सदस्य न होना बतलाया गया है। क्रमांक संख्या-01 व 04 पर अंकित पारिवारिक सदस्यों ने शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये क्रमांक संख्या-02 व 03 पर अंकित पारिवारिक सदस्यों के पक्ष में संयुक्त रुप से नामान्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। तद्नुसार आवेदक के पक्ष में नामान्तरण की कार्यवाही विचाराधीन है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री शिवभान सिंह परिहार, श्री जगभान सिंह पुत्रगण स्व0 अतर सिंह के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा बाद में प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना संभव न होगा। (सत शुक्ला) विशेष कार्याधिकारी (वि0बें0)

हैरिसगंज में लखन ओमर ने किया ट्यूबवेल का शिलान्यास

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर। हैरिसगंज में आज टयूबवेल का शिलान्यास निर्वतमान उपाध्यक्ष बोर्ड सदस्य लखन ओमर ने किया तो क्षेत्रीय जनता ने उनका स्वागत किया। यह कार्य छावनी परिषद कानपुर ने 35,84,92̀ की लागत से 2 टयेबवेल लगाने का प्रस्ताव पारित किया था। आज हैरिसगंज बंदरिया बाग रेलबाजार में पेयजल समस्या दूर करने हेतु एक टयूबवेल का शिलान्यास छावनी परिषद के नि. उपाध्यक्ष लखन लाल ओमर द्वारा किया गया। शिलान्यास करते हुए उन्होने कहा कि हर घर नल से जल योजना के तहत केन्द्र सरकार दृढ़ संकल्प है और इस टयूबवेल से कई हजार जनता को लाभ मिलेगा। शिलान्यास कार्यक्रम प्रमुख रूप से रामशंकर वर्मा , कृष्ण मोहन शुक्ल, जय कुमार प्रजापति, धमेन्द्र पाल , सुरेन्द्र सविता, प्रवीण गणपुले आदि क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।

कैंट बोर्ड का कार्यकाल 6 माह और बढाया गया

कानपुर। रक्षा मंत्रालय ने कानपुर कैंट बोर्ड सहित देश भर के 56 छावनी बोर्ड का कार्य काल 6महीने के लिए फिर बढाया। जिससे अभी छावनी में चुनाव की संभावना टल है। कानपुर बोर्ड में लखन लाल ओमर भारत सरकार ने अपना सदस्य नामित है और वे बिग्रेडियर सीईओ संग जनसमस्याओं संबंधी कार्यों पर बोर्ड बैठक में चर्चा करते है।

सेंट्रल स्टेशन में चोरी करने वाला गिरफ्तार सीसीटीवी से हुई पहचान

ट्रेनों से पर्स व मोबाइल लेकर हो जाता था फरार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर। जीआरपी पुलिस ने एक युवक को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को सेंट्रल स्टेशन के सिटी साइड से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी का माल बरामद किया गया है। युवक ट्रेनों से पर्स और मोबाइल चोरी करता था। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलेंस टीम के द्वारा उसकी पहचान कर गिरफ्तारी की गई।

सेंट्रल स्टेशन के सिटी साइड पर शुक्रवार दोपहर जीआरपी पुलिस ने आरोपी नदीम को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी जीआरपी रामकृष्ण द्विवेदी ने बताया मोहम्मद नदीम कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कायस्थना मोहल्ले का रहने वाला है। कुछ दिन पहले ही सेंट्रल स्टेशन पर

ट्रेनों से चोरी होने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मोहम्मद नदीम ट्रेन से पर्स चोरी करते हुए सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। जीआरपी पुलिस ने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से उसकी पहचान कर ली।

मुखबिर की सूचना पर सेंट्रल स्टेशन के सिटी साइड बने मंदिर के पास से मोहम्मद नदीम को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी का पर्सए मोबाइल फोन और सोने के आभूषण डायमंड लगे हुए इसके अलावा कई एटीएम कार्ड और लखनऊ मेट्रो का कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

जीआरपी ने एक और युवक को गिरफ्तार किया है। उसने दंपति का पीछा कर अपना शातिर दिमाग चला कर उनका सारा सामान गायब कर दिया। मामले में जीआरपी पुलिस ने मुकदमा कुछ दिन पहले ही दर्ज किया था। लगातार इस मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को कानपुर सेंट्रल के हरवंशमोहाल की तरफजाने वाले रास्ते से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से चोरी का सामान बरामद किया गया है।

अधिवक्ता पर कचहरी में चाकू से जानलेवा हमला आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर। पति.पत्नी के विवाद में समझौता केंद्र में सुनवाई के दौरान मारपीट शुरू हो गई। पत्नी की ओर से अधिवक्ता संजीव शुक्ला ने बीच.बचाव कराकर मामला शांत करा दिया। इसके बाद अपने चेंबर वापस लौटने लगे। इसी बीच आक्रोशित पति सुशील दुबे ने सीएमएम रोड के पास अधिवक्ता पर चाकू से हमला कर दिया।

इससे अधिवक्ता गंभीर रुप से घायल हो गए। वहींए भरी कचहरी में चाकू चलने की घटना से हड़कंप मच गया। शोर शराबा सुनकर अधिवक्ता अपने चेंबर से बाहर निकले और चाकू मार कर भाग रहे सुशील को दबोच लिया।

प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)
इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार

प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक) इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एम.ई.आई.टी.वाई.) के अंतर्गत एक वैज्ञानिक संस्था है। यह संस्था निम्न गैर वै.&त. ग्रुप-ए पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है-

पद	स्तर / प्रारंभिक मूल वेतन (रु.)	*आयु सीमा	पदों की संख्या	पोस्टिंग का प्रारंभिक स्थल	लागू आरक्षण
प्रबंधक (प्रशासन)	स्तर १२ 78,800/-	40	1	पटना	अनारक्षित - 1
वरिष्ठ वित्त अधिकारी	स्तर 11 67,700/-	35	1	चेन्नई	अनारक्षित -3
वरिष्ठ क्रय अधिकारी			1	नोएडा	
वरिष्ठ व्यवस्थापन अधिकारी			1	सिलचर/गुवाहाटी	
वित्त अधिकारी	स्तर 10 56,100/-	35	1	सिलचर/गुवाहाटी	ओबीसी (एनसीएल) - 1 ई डब्लू एस - 1
			1	त्रिवेन्द्रम	

आयु में छूट- भारत सरकार के नियमों के अनुसार।
आवेदन शुल्क- उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करते समय इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम से रु. 500 का गैर-वापसीयोग्य आवेदन शुल्क देय है। हालाँकि, अजा/अजजा/दिव्यांग और महिला उम्मीदवारों को कोई शुल्क देय नहीं है।
आवेदन कैसे करें- इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत अधिसूचना के लिए www.cdac.in के "करियर (careers)" पृष्ठ पर जा सकते हैं तथा अगस्त 25, 2023 को या उससे पहले ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
ध्यान दें- इस संबंध में अगर कोई परिशिष्ट/भावी संचार होगा, तो उसे केवल सी-डैक की वेबसाइट पर ही अधिसूचित/प्रकाशित किया जाएगा।
विज्ञापन संख्या- CORP/GR.A/05/2023
निदेशक (मासंवि)
CBC 06132/12/0018/2324